## एनडीआरएफ की टीम ने मशक्कत के बाद निकाला, कोलाढाना क्षेत्र का मामला

# नदी में नहाने गए दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



शहर के कोलाढाना क्षेत्र में गुरूवार को एक दर्दनाक हादसे की खबर ने क्षेत्र में सनसनी मचा कर रख दी। शहर के कोलढाना क्षेत्र के पास बहने वाली नदी में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एक बच्चे को तत्काल बाहर निकाल लिया, लेकिन दुर्भाग्यवश उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।घटना की सूचना मिलते ही NDRF (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम मौके पर पहुंची और दूसरे बच्चे के शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दोनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। इस दुखद हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। प्रशासन की ओर से परिजनों को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। टीआई आशीष धुर्वे ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही SDRF और गोताखोरों को सक्रिय किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से एक बच्चे का शव तुरंत निकाल लिया गया, जबकि दूसरे बच्चे की तलाश करीब आधे घंटे तक चली। बाद में दूसरा शव भी बरामद कर लिया गया। होमगार्ड कमांडेंट ने बताया कि उन्हें दोपहर करीब 3 बजे एसडीएम का कॉल आया जिसमें डूबने की सूचना दी गई थी। कमांडेंट ने बताया कि हमारी टीम 10 से 15 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गई। पानी ज्यादा गंदा नहीं था और गहराई भी सीमित थी, जिससे रेस्क्यू में ज्यादा समय नहीं लगा।



### पूर्व सांसद नकुलनाथ ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस

शहर के कोलाढ़ाना क्षेत्र में बोदरी नदी में नहाने के लिए गए दो मासूम बालकों का पानी में डूबने से निधन हो गया। यह दुखद सूचना मिलते ही नकुलनाथ अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों को छोड़कर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया। नकुलनाथ ने हादसे के सम्बंध में जानकारी ली तो सामने आया कि शहर के गुलाबरा क्षेत्र में रहने वाले दो मासूम बच्चे कोलाढ़ाना के पीछे वाले हिस्से में बोदरी नदी में नहाने के लिए गए थे। श्री नाथ ने स्वयं व पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी की ओर से गहन दुख व्यक्त करते हुए ऐसे हादसों की पुर्नावृत्ति ना हो इसके लिए एहतियात बरतने व बच्चों को नदी, नालों व गहरे पानी वाले क्षेत्रों में जाने से रोकने हेतु थोस कदम उठाने के साथ ही परिजन व पालकों से बच्चों का विशेष ध्यान रखने की बात कही।

## सांसद ने कहा नियमित मिलती रहेगी यूरिया

# सांसद ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री से की मुलाक़ात



**छिंदवाड़ा।** मानसून सत्र के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान को छिंदवाड़ा में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में हुई अधिक खरीफ फसल की बुआई और छिंदवाड़ा में मिल रही यूरिया की जानकारी देते हुए यूरिया खाद की अतिरिक्त रैक दिलाने का निवेदन किया।

सांसद श्री साहू के निवेदन पर केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने छिंदवाड़ा में खाद की कमी नहीं होने देने का आश्वासन देते हुए छिंदवाड़ा के लिए अतिरिक्त यूरिया खाद की रैक दिलाने का भरोसा जताया। मुलाकात के दौरान सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान से छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा के किसानों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही दोनों जिलों में कृशि क्षेत्र में अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर भी चर्चा की।

**पांढुर्णा में कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने का किया निवेदन**

सांसद बंटी विवेक साहू ने केन्द्रीय कृशि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात के दौरान पांढुर्णा में कृशि विज्ञान केन्द्र खोले जाने का निवेदन करते हुए उन्हें एक पत्र भी दिया है।

## विश्व आदिवासी दिवस पर होंगे कार्यक्रम

**छिंदवाड़ा।** जिले के ग्राम- नेर में 9 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष में सार्वजनिक बड़ादेव सेवा समिति- नेर के तत्वाधान में विशाल रैली व रोड शो एवं हवन पूजन महाप्रसाद कार्यक्रम रखा गया है । जिसमें समस्त ग्रामवासी- नेर व क्षेत्रवासी एवं समस्त पदाधिकारी आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

## श्री तापी प्रसाद चौरसे का दुखद निधन

**जुन्नारदेव।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी श्री तापी प्रसाद चौरसे का अब से कुछ देर पहले हृदयाघात से दुखद निधन हो गया। वह लगभग 70 वर्ष के थे। धार्मिक प्रवृत्ति वाले तापी प्रसाद चौरसे लोगों के बीच अपनी मिलनसारिता, मृदु व्यवहार के चलते लोकप्रिय थे। इनके द्वारा नगर रजक समाज के अध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया गया था। उनकी अंतिम यात्रा 31 जुलाई को निकाली गई।

# राष्ट्रीय हिंदू सेना ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय हिन्दू सेना जिलाध्यक्ष यमन साहू ने बताया है कि अमरवाड़ा क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ में विगत 9दिन पूर्व राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ता प्रशांत दुबे के ऊपर रात्रि 11:30 बजे के लगभग गणेश बाबा और उनके साथियों ने मिलकर आत्मघाती हमला किया इस मामले में प्रशांत दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें अस्पताल लाया गया उनका इलाज चल रहा है। इस मामले में राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू जी ने बताया की अमरवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई मगर अभी तक किसी की भी दोशियों के ख़िलाफ़ गिरफ़्तारी नहीं हो पाई यह संबंधों में आज राष्ट्रीय हिंदू सेना ने समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक महोदय जी के समक्ष ज्ञापन सौंपा और उचित कार्यवाही और जल्द से जल्द गिरफ़्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनुराग बंटी श्रीवास्तव छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली जिला महामंत्री गोलू पटेल जिला मंत्री राहुल साहू सह मंत्री मोनू यादव नगर अध्यक्ष विक्की जी साहू ब्लॉक प्रभारी दीपक निर्मलकर ब्लॉक मंत्री अभय दुबे छात्र परिषद जिला संयोजक उमेश चंद्रवंशी नगर प्रमुख दीपक चंद्रवंशी, नगर संयोजक गोविंदा बम्होरे ,नगर मंत्री शिवम साहू, नगर मठ मंदिर प्रमुख प्रवीण कुमार लखेरा वार्ड अध्यक्ष समीर बाग,नगर अध्यक्ष चौरई अभिषेक मालवीय जी गौरक्षा प्रमुख नगर राजा भैया मेघा सिवनी ग्राम अध्यक्ष शिवा चौरे, ग्राम संयोजक अनिल यादव , ग्राम सचिव पवन बंदेवार, सुनील यादव आदि मौजूद रहे।

## जैन समाज ने मनाया श्री पार्श्वनाथ निर्वाण महोत्सव

**छिंदवाड़ा।** श्रावण शुक्ल सप्तमी गुरुवार के शुभ दिन मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण विश्व की सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवकों ने 23 वें तीर्थंकर 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान का मंगलकारी निर्वाण कल्याणक महोत्सव मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया ओर भक्ति भाव पूर्वक पूजन विधान में हिस्सा लिया। मंगलमय प्रसंग पर छिंदवाड़ा के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री पार्श्वनाथ पूजन कर श्री सम्मेद शिखर विधान का आयोजन किया गया।जिसमें बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने हिस्सा लेकर तीर्थराज सम्मेद शिखर जी की भाव वंदना की ओर श्री पार्श्वनाथ टोंक पहुंचकर विधान की पूर्णता करते हुए मोक्ष कल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया।मंगल महोत्सव में पंडित ऋषभ शास्त्री, फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन, पंडित रूपेंद्र शास्त्री, सिद्धांत जैन सहित बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने सुमधुर भजनों पर मंगलगान करते हुए चंबर नृत्य के माध्यम से जिनशासन की मंगल प्रभावना की।मोक्ष सप्तमी महोत्सव पर बड़ी संख्या में बेटियों ने सामूहिक उपवास रखा जिनकी बाल ब्रह्मचारणी डॉक्टर आरती जैन द्वारा स्वाध्याय भवन गोल गंज में विशेष कक्षा लेकर जैनदर्शन सहित महासतियों की कहानियां सुनाकर उन जैसा बनने का संकल्प दिलाया।

# जिले सहित पूरे प्रदेश में यूरिया-खाद का संकटः कमलनाथ

## किसानों पर एफआईआर को बताया सरकार की असंवेदनशीलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने तीन दिवसीय छिंदवाड़ा दौरे के दौरान प्रदेश में बढ़ते यूरिया संकट को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि "मध्यप्रदेश भर में खाद और यूरिया की भारी किल्लत है, लेकिन सरकार दबाव और दमन के जरिए लोगों की आवाज को कुचलना चाहती है।"कमलनाथ ने आरोप लगाया कि प्रदेश में केवल घोषणाओं और झूठे आश्वासनों का दौर चल रहा है। उन्होंने कहा, "अगर हम कृषि क्षेत्र की बात करें, युवाओं की समस्याएं देखें या छोटे व्यापारियों की स्थिति को समझें – हर वर्ग आज परेशान और त्रस्त है।

गौरतलब है कि छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में कल यूरिया की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे 140 किसानों पर पुलिस ने उपद्रव व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इस कार्रवाई को लेकर कमलनाथ ने सरकार की नीतियों को असंवेदनशील और जनविरोधी बताया।

पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान किसानों के बीच असंतोष और सरकार की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों को और तेज कर सकता है। अमरवाड़ा थाना और सिंगोड़ी चोकी मे किसानों पर हुई धारा 126(2),189(2) में एफ़आईआरब्रिज वायपास मे चक्का जाम करने पर -01. राजकुमार पिता गोवर्धन सिंगोतिया निवासी पिपरिया बीरसा 02. दिलीप पिता गुबरी सोनवंशी निवासी पिपरिया बीरसा 03. रमेश पिता अतरलाल गौंड़ निवासी केकडा 04. महेश पिता रामअवतार वर्मा निवासी ग्राम हरनभटा 05. रामेश्वर पिता कोमल वर्मा निवासी पिपरिया राजगुरू 06. सुमेरचन्द पिता रूपचंद गौंड निवासी बंधानी 07. मोहन पिता बजारी चमार निवासी करबडोल 08. बिसनलाल निवासी नांदिया एवं करीबन 30 अज्ञात लोगों पर वही मैंन रोड बस स्टैंड अमरवाड़ा 01।शिवनारायण पिता भावसिंग साहू निवासी छुआदेही 02. अरूण पिता शिवनारायण साहू निवासी छुआदेही 03. गुलजार सिंग पिता मोहन सिंग राठौर निवासी बिनेकीढाना 04. गुलशन पिता मोहन सिंग राठौर निवासी बिनेकी ढाना 05. धरम पिता रामदयाल साहू निवासी बिनेकी 06. कमलनाथ पिता मोहन बंजारा निवासी बिनेकी ढाना 07. रामनरेश पिता तेजलाल वर्मा निवासी हिंगपानी 08. मदन पिता बिन्नी लोधी निवासी छुआदेही 09. राजकुमार पिता कृपाराम उइके निवासी छुआदेही 10. श्याम पिता गली वर्मा निवासी सेजा एवं करीबन 50 अज्ञात लोगो पर धारा 126(2),189(2) बीएनएस का अपराध कायम किए गए हैसिंगोड़ी चोकी थाना अमरवाड़ा मे किसानों पर हुई धारा 126(2),189(2) में एफ़आईआरसिंगोडी बाईपास मैन रोड सिंगोडी, मे (1) सुजीत साहू निवासी खकरा चौरई (2) पवन चंद्रवंशी निवासी खकरा चौरई (3) विजय चंद्रवंशी निवासी खकरा चौरई (4) राधेश्यमाम डेहरिया निवासी खकरा चौरई (5) बाबू भाई चंद्रवंशी निवासी अनघोडी (6) मनोज चंद्रवंशी निवासी रजोला (7) संदीप चंद्रवंशी निवासी रजोला (8) मेहतरी चंद्रवंशी निवासी रजोला (9) विवेक मालवीय निवासी रजोला (10) कीमत चंद्रवंशी निवासी रजोला (11) नवीन विश्वकर्मा निवासी रजोला (12) शंकर चंद्रवंशी निवासी भूला पिपरिया (13) एवं अन्य 40-50 व्यक्ति पर एफ़आईआर हुई।

## चिकित्सा शिविर एवं पारंपरिक ज्ञान दस्तावेजीकरण कार्यक्रम संपन्न

**जुन्नादेव।** वार्ड क्रमांक-18 जुन्नारदेव में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली के आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान द्वारा ₹जाति स्वास्थ्य रक्षा अनुसंधान योजना कार्यक्रम₹ के अंतर्गत एक दिवसीय चिकित्सा शिविर एवं पारंपरिक ज्ञान प्रलेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस शिविर में आयुर्वेद पद्धति के माध्यम से मरीजों की जांच की गई एवं निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। अनुसंधान दल में वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. शशांक सिंह, डॉ. सुरेखा विश्वकर्मा, डॉ. अविनाश उइके, फार्मासिस्ट एवं मल्टी टास्किंग स्टाफ सम्मिलित रहे। इन सभी ने मिलकर क्षेत्र के रोगियों का उपचार किया।इसी कार्यक्रम के अंतर्गत वार्ड क्रमांक-16 के स्वदेशी जातियों (विशेषकर आहाटू समुदाय) की परंपराओं, रीति-रिवाजों एवं उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले पौधों, धातुओं, खनिजों तथा पशु उत्पादों का प्रलेखन (डॉक्यूमेंटेशन) भी किया गया। यह कार्य भविष्य में पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान को संरक्षित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।वार्ड क्रमांक-18 में कुल चार चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिनमें निशुल्क चिकित्सा परीक्षण, औषधि वितरण तथा परामर्श प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश सालोडे जी, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमारे, पार्षद प्रमोद बंदेवार, देवेन्द्र टांडेकर, उपस्थित रहे ।



# दो प्राथमिक शिक्षक व एक सहायक शिक्षक की दो वेतनवृध्दि रोकी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा विकासखंड बिछुआ की शासकीय प्राथमिक शाला थुयेपानी में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के भ्रमण के दौरान शाला में बच्चों का अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण नहीं होना पाये जाने पर 03 प्राथमिक शिक्षकों की 02 वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर प्रकरण समाप्त किया गया।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि जिले के विकासखंड बिछुआ की शासकीय प्राथमिक शाला थुयेपानी में 04 जुलाई 2025 को कलेक्टर श्री सिंह के भ्रमण के दौरान शाला में बच्चों को अक्षर ज्ञान एवं संख्या ज्ञान नहीं होना पाया गया, छात्रों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण होना नहीं पाया गया, निरीक्षण दिवस में मध्यान्ह भोजन भी नहीं बनाये जाने के कारण पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने से कार्यालयीन पत्र 22 जुलाई 2025 को दो प्राथमिक शिक्षक श्री कुंवरलाल चौरिया व श्री शिवशंकर चौरसिया एवं एक सहायक शिक्षक श्री जानिक राव सराठे को कारण बताओ सूचना पत्र दिया जाकर उत्तर चाहा गया। प्राथमिक शिक्षक श्री चौरिया द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर 28 जुलाई 2025 को प्रस्तुत किया गया व प्राथमिक शिक्षक श्री चौरसिया द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया एवं सहायक शिक्षक श्री सराठे द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर 25 जुलाई 2025 को प्रस्तुत किया गया, तीनों ही शिक्षकों का प्रस्तुत उत्तर समाधानकारक नहीं पाया गया। इसलिये म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 10 के उपनियम (IV) के अंतर्गत तीनों शिक्षकों श्री चौरिया व श्री चौरसिया एवं श्री सराठे की दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी जाकर प्रकरण समाप्त किया गया है।

## जिले में हो रही लगातार यूरिया की आपूर्तिः कलेक्टर

**छिन्दवाड़ा।** जिले में किसानों को समय पर यूरिया उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन लगातार सक्रिय है। ब्रह्मपुत्र वैली कंपनी से जिले को 1900 मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही आगामी दिनों में भी यूरिया की आपूर्ति जारी रहेगी। जानकारी के अनुसार, 1 अगस्त को आईपीएल कंपनी से 1800 मैट्रिक टन तथा 2 अगस्त को एच.यू.आर.एल कंपनी से 1323 मैट्रिक टन यूरिया जिले को प्राप्त होगा। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज इस सिलसिले में कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय और सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, उर्वरक कंपनी के एरिया मैनेजर, परिवहनकर्ता, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग तथा मार्कफेड के अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में उपलब्ध यूरिया का तत्काल परिवहन, भंडारण एवं वितरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि यूरिया का वितरण जैसे-जैसे किया जाए, उसी समय पीओएस मशीन के माध्यम से स्टॉक को तत्काल एक्नालेज कराया जाए, ताकि वास्तविक समय में डेटा की निगरानी संभव हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को कतार में खड़े रहने की आवश्यकता न पड़े, इसके लिए आवश्यक प्रबंध पहले से किए जाएं।

# बोहनाखैरी पीएमश्री विद्यालय में छात्रों को मिली साइकिल

## सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली से छात्रों को किया संबोधित और दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत गुरूवार को ग्राम बोहनाखैरी के पीएमश्री विद्यालय में छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधियों,भाजपा नेताओं एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में साइकिल वितरण की गई। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा दिल्ली से ही मोबाइल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की गई। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव की सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से छात्रों को स्कूली शिक्षा ग्रहण करने में कोई भी परेशानी ना आए इस हेतु हर संभव प्रयास कर रही है। सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा छात्रों को मोबाइल पर संबोधित करते हुए कहा गया कि पीएमश्री विद्यालय बोहनाखेरी में शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु जो भी सहयोग लगेगा वह उसे बढ़-चढ़कर शासन के माध्यम से पूरा करेंगे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए बताया गया कि अब कोई भी गरीब छात्र डॉक्टर या इंजीनियर जैसे कोर्सेज में भारी भरकम फीस के कारण प्रवेश लेने से वंचित नहीं रहेगा, केवल उन्हें अच्छे अंक प्रतिशत लाकर अच्छे संस्थानों में प्रवेश लेना है, बाकी फीस की सारी व्यवस्था मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार करेगी।

## जेसीसी मेंबर ने एटक की ली सदस्यता

**परासिया :** बुधवार 30 जुलाई को मोहन कालरी एसकेएमएस एटक कार्यालय में एक कार्यक्रम में कन्हान क्षेत्र में ओवरमैन के पद पर कार्यरत एवं इंटक के कन्हान क्षेत्र के जेसीसी मेंबर एवं पेंच कान्हान के ट्रस्टी बोर्ड सदस्य तेज प्रकाश सिंह एटक की सदस्यता ग्रहण की । इस कार्यक्रम में जनरल सेक्रेटरी राम केरा यादव , अध्यक्ष अरविंद यादव , संरक्षक दयाशंकर सिंह , मुरारी गौतम , अलीम खान , विनोद सिंह , रमन साहू , मोहम्मद खान , वसीमुद्दीन , तरुण यादव एवं यूनिट से आए अध्यक्ष सचिव शामिल रहे ।



## सचिव पर आखिर कार्यवाही करने से क्यों हिचक रहे अधिकारी

# हार्डवेयर संचालक को किराए से तत्कालीन सचिव ने दे रखा था रैन बसेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया ग्राम पंचायत तत्कालीन सचिव जिनको जनपद से लेकर जिला पंचायत तक भ्रष्टाचार सरकारी धन की लूटपाट फर्जी वाडा करने का जैसे लाइसेंस मिला हुआ था। उन्होंने अपने कार्यकाल में कराये गये सभी निर्माण कार्यों मैं भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला लेकिन उनके विरुद्ध किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होना आम नागरिक में चर्चा का विषय बन चुकी है। अगर सचिव हो तो ऐसे रसूखदार उनके इसी रसूख का आज उदाहरण देखने मिला पर्यटन स्थल विश्रामगृह में आने वाले पर्यटकों के वाहन पार्किंग का ठेका नियम विरुद्ध हो रहा था जिसमें बोलीदार भी आ गए थे लेकिन पंचायत इंस्पेक्टर ने ठेका निरस्त करते हुए आगामी कार्रवाई का आश्वासन दिया यहां पर दर्जनों स्थानीय लोग उपस्थित थे। वहीं चर्चा निकली की बंद पड़े भवन में आखिर क्या है। उसको देखने सचिव से चाबी मांगी गई तो काफी जद्दोंजहद के बाद चाबी मिली तो उसे खोला गया तो उसमें सीमेंट एवं हार्डवेयर का सामान पाया गया जिस बारे में पूछा गया तो पुराने कर्मचारियों ने बतलाया कि यह पंचायत परिसर में बना रैन बसेरा है। जिसको सचिव ने किराये से दे रखा था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सार्वजनिक उपयोग में आने वाले रैन. बसेरा को भी सचिव ने हार्डवेयर वाले को किराये दे रखा है तो समझा जा सकता है कि तत्कालीन सचिव किस तरह से शासन प्रशासन पर हावी रहे है। कम से कम आज ग्रामीणों के एकत्रित होने से रैन बसेरा अब आम जनता एवं जरूरतमंदों के लिए उपलब्ध होगा। अब देखना यह है कि सार्वजनिक रैन बसेरा को किराए से देने वाले सचिव पर कार्यवाही कर उनके वेतन से किराया काटकर जो रैन बसेरा हार्डवेयर सामग्री रखने से क्षतिग्रस्त हुआ है। उसे सुधारा जाए। देखना है कि इन निरंकुश सचिव पर अंकुश लगाने एवं कार्रवाई करने में अधिकारी किस तरह की कार्रवाई करते हैं। यह ग्रामीणों में चर्चा बन चुकी है।





## सालोडे एवं मंडल अध्यक्ष जुन्नारदेव चंद्रवंशी ने शिविर में पधारे दिव्यांग विद्यार्थियों का किया स्वागत

# जुन्नारदेव में दिव्यांग शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नपा अध्यक्ष जुन्नारदेव रमेश सालोडे एवं मंडल अध्यक्ष जुन्नारदेव विवेक चंद्रवंशी द्वारा किया गया शुभारंभ बीईओ जुन्नारदेव श्रीमती चंद्रकला सातनकर, श्रीमती वर्षा बंदेवार संजय अरोरा, मनोज शर्मा, संजीव पांडे एवं जुन्नारदेव एवं तामिया से आए दिव्यांगजन उपस्थित रहे नपा अध्यक्ष जुन्नारदेव रमेश सालोडे एवं मंडल अध्यक्ष जुन्नारदेव विवेक चंद्रवंशी द्वारा शिविर में पधारे दिव्यांग विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

आज उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव में जुन्नारदेव एवं तामिया विकासखंड के कक्षा 9वी से 12वीं के विद्यार्थियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए दिव्यांग शिविर का आयोजन मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार किया गया । इस शिविर का शुभारंभ जुन्नारदेव नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी द्वारा किया गया । अतिथियों का स्वागत समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया । आज 31/07/25 दिव्यांग शिविर में जिले से उपस्थित डाक्टर की टीम में डॉ.बसन्त शर्मा, डॉ नरेंद्र हनोते ,डॉ.भारती बदलानी, डॉ.हर्ष साहू ,डॉ.कृति शर्मा, डॉ.तुषार तलहन , डॉ पूनम जैन उमाकांत नेमा उपस्थित रहे । साथ ही इस अवसर पर बीईओ श्रीमती चंद्रकला सातनकर ने सभी उपस्थित डॉक्टर का सम्मान किया गया । दिव्यांग शिविर में आए दिव्यांग विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को सुविधा पूर्वक जांच कर प्रमाण पत्र बनाए गए एवं उन्हें आवश्यक निर्देश जिला दिव्यांग बोर्ड द्वारा प्रदान किए गए । इस अवसर पर विकासखंड के शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग प्राप्त रहा एवं सभी आगंतुकों का स्वागत संस्था द्वारा किया गया । प्रभारी प्राचार्य श्रीमती वर्षा बंदेवार ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया ।

## सडक, पुल, पुलिया, रपटा के आभाव में हो रहे ग्रामीण परेशान

**दमुआ।** जनपद पंचायत जुन्नारदेव के तहत ग्राम पंचायत गोप के अन्तर्गत बारूखेडा डोंगीढाना और लांगापनी बारूखेडा के बीच नदी नाला पडता है और नदी नालो में ना पुलिया बनाई गई ना रपटा बनाया गया है जबकि बारूखेडा से लांगापानी स्कूल के बच्चे प्रतिदिन स्कूल आवागमन करते है जिनको आवागमन करने में काफी दिक्कत का सामना करना पड रहा है ग्राम पचायत गोप के तहत लांगापानी बारूखेडा डोगीढाना आदि क्षेत्रो मे सडके तक नही है ग्रामीण जनो को आवगामन करने मे भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है वैसे भी भारी बारिश का दौर चल रहा है नदी नालो में पानी उफान पर रहता है फिर भी ग्रामीण जनो को शहरो की आना जाना पडता है ऐसी अवस्था में नदी नाले पार करना खतरो से खाली नही है इसलिए मूल भूत समस्या को मध्येनजर रखते हुए प्रधान मंत्री ग्रामीण सडक योजना एवं पी.डब्लू.डी विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि ग्राम ग्रामीण क्षेत्रो की सडके एवं पुल रपटा आदि बनाया जावे जिससे लोगो को सुविधा का लाभ मिल सके। ग्रामीण जनो में संतलाल बरकडे, वीरसिंग धुर्वे, ज्ञानलाल धुर्वे , अमरसा नर्रे राजेश नर्रे कंचनशाह नर्रे आदि ग्रामीण जनो ने संबंधित विभाग उच्च अधिकारियो से इस ओर ध्यानआकर्षित कर शीघ्र ही समस्या का समाधान करने की बात कही है।

## जिला सहकारी बैंक शाखा दमुआ की चार दिनों से बिजली आपूर्ति बार बार हो रही प्रभावित

**दमुआ।** जिला सहकारी बैक शाखा दमुआ की बिजली आपूर्ति 4-5 दिनो से ठप्प पडी हुई है बिजली बंद रहने से बैक का सारा कामकाज प्रभावित हो रहा है। भारी बारिश के इन दिनो में बिजली आपूर्ति कभी बंद हो रही है जिसकी वजह से दमुआ शहर नगर में अंधेरा छाया रहता है चाहे रात हो या दिन बिजली आपूर्ति कभी भी ठप्प हो रही है बिजली आपूर्ति बंद होने के कारण लोग खासे परेशान है जिला सहकारी बैक शाखा दमुआ की बिजली आपूर्ति 4-5 दिनो से बार बार बंद होने के कारण बैक में होने वाले आनलाईन कार्य समय पर नही हो पर रहे है बिजली बंद होने की वजह से बैक के उपकरण कम्प्यूटर सिस्टम बंद हो जाने की वजह से बैक में ग्राहको को समय पर लेन देन नही हो पा रहा है। बैक के ग्राहको किसान भाइयो एवं संबंधित बैक प्रबंधक केशियर बाबू क्लर्क कर्मचारी एवं अधिकारियो को कार्य करने में असुविधा का सामना करना पड रहा है। जबकि बिजली आपूर्ति की समस्या को देखते हुए जिला मुख्यालय के जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैक छिन्दवाडा के महाप्रबंधक महोदय जिला सहकारी बैक अध्यक्ष महोदय एवं संबंधित अधिकारियो से सहकारी बैक दमुआ में जनरेटर की व्यवस्था बनाने की बात रखी गई है जिससे समय पर ग्राहको एवं आम जनो को बैक से लेन देन में असुविधा का सामना ना करना पडे परन्तु उच्च अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा हैं। समय रहते जनरेटर की उचित व्यवस्था बनाना चाहिए ताकि असुविधा होने से बच से।

## दो स्थानों पर आबकारी की दबिश: मिली शराब, बनाया प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

आबकारी पुलिस परासिया ने अलग - अलग दो स्थानों पर दबिश दी । जहां अवैध रूप से बेची जा रही शराब मिली । दोनों ही स्थानों पर इस मामले से सम्बंधित लोगों पर प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई । 31 जुलाई गुरुवार को वृत्त परासिया एवं चाँदामेटा में दबिश कार्यवाही की गई । वृत्त परासिया अंतर्गत ग्राम कोसमी में मदन यदुवंशी के दुकान एवं मकान की तलाशी कार्रवाई के दौरान तलाशी में दुकान से 13 एम डी नंबर 01 रम मदिरा , पांच बोतल बियर , 18 केन बियर शराब बरामद की गई । वृत्त चाँदामेटा अंतर्गत ग्राम तुतीखेड़ा में विक्रम यादव की दुकान व मकान की तलाशी लेने पर 13 पाव देशी शराब (प्लेन) बरामद कर प्रकरण कायम किया । दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क का प्रकरण पंजीकृत किया गया । दोनों स्थानों से कुल 12.250 लीटर बियर तथा 2.52 लीटर देशी मदिरा जप्त किया गया । इस कार्यवाही में वृत्त परासिया एवं चाँदामेटा स्टॉफ का योगदान रहा ।

## रजक समाज का हरियाली तीज महोत्सव



**परासिया।** रजक समाज महिला मण्डल परासिया के द्वारा नेचर्स हाल में हरियाली तीज महोत्सव मनाया गया । सर्व प्रथम सभी उपस्थित महिलाओं को तिलक लगा कर स्वागत किया गया । समाज की वरिष्ठ श्रीमती दुलारी मालवी जो कि वर्तमान में संभागीय अध्यक्ष बनी है । एवं श्रीमती कुशुम वंश शिक्षिका जो कि वर्तमान में सेवा निवृत्त हो रही है । उनका स्वागत सत्कार किया गया । रजक समाज की सभी महिलाओं ने हाथों में मेहंदी पैरों में माहौर लगा कर हरे वस्त्र पहन कर आकर्षक भेषभूषा में भाग लेकर अपना अपना प्रदर्शन किया । गीत,भजन,चुटकुलों से कार्यक्रम में चार चाँद लग गए । महिलाओं ने अपने अपने अन्दाज में नृत्य भी किये । सभी उपस्थित महिलाओं को उपहार प्रदान किये गए । प्रतियोगिता आयोजित की गई । प्रतियोगिता में विजय होने पर पुरुष्कार दिए गए । सभी महिलाओं ने भोजन का स्वाद लिया । कार्यक्रम में सर्व श्री दुलारी मालवी संध्या मालवी प्रमिला मालवी ज्योति निर्मलकर पुष्पा मालवी प्रिया निर्मलकर बबली निर्मलकर श्यामा मालवी ललिता मालवी रश्मी मालवी माही मालवी संजना श्रीवाथरी कल्पना श्रीवाथरी पूनम मालवी सरिता मालवी रीता मालवी कविता मालवी रोशनी मालवी उर्मिला रजक कोमल मालवी एवं रजक समाज की मात्रशक्तिया उपस्थित थी । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त श्रीमती संध्या मालवी ने किया ।।

## थाना परासिया में संपन्न हुआ नशा मुक्ति अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



थाना परासिया परिसर में पुलिस विभाग के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता, हिंदी वक्तृत्व प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों पर अपने विचार रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किए।इन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।इस आयोजन में थाना प्रभारी परासिया निरीक्षक संजय भलावी, थाना प्रभारी शिवपुरी निरीक्षक कंचन राजपूत, थाना प्रभारी चांदामेटा निरीक्षक ईश्वरी पटले, थाना प्रभारी उमरेठ निरीक्षक विजय सिंह ठाकुर सहितपूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल, परासिया नगर पालिका में पूर्व लोक निर्माण विभाग के सभापति एवं पार्षद पवन सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य कमलेश उइके, पार्षद प्रतिभा सोनी, रुकमा बनसोड़, बृजेश भलावी, कांग्रेस नेता अकबर खान, सामाजिक कार्यकर्ता, सुरक्षा समिति सदस्य, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने प्रेरक उद्बोधनों में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी और बताया कि नशा न केवल व्यक्ति को, बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डालते हुए नशे से बचने के लिए सकारात्मक सोच और सतर्कता की आवश्यकता पर बल दिया।पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होंगे। साथ ही, सभी ने पुलिस प्रशासन को सहयोग देने का पूर्ण आश्वासन भी दिया।

## समस्त महिला मंडल संकट मोचन हनुमान मंदिर के द्वारा सराफा हनुमान मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

### तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न अनुष्ठान हुए आयोजित

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के सराफा बाजार स्थित हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया है। 27 जुलाई को बड़ा श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा और भगवान शिव की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सुबह 9 बजे निकाली गई, जो नगर भ्रमण के बाद हनुमान मंदिर पहुची। जहां दोपहर 12 बजे से पंडित जुगल किशोर शर्मा के नेतृत्व में पंडितों की टोली, जिसमें पंडित अभिषेक दीक्षित, पंडित यश पांडे सिवनी, पंडित लक्ष्मीकांत मिश्रा वारासिवनी ,पंडित मेघराज उपाध्याय, पंडित आशीष शुक्ला के द्वारा मन कामेश्वर महादेव परिवार का वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ श्री गणेश पूजन, पंचांग पूजन, वेदी पूजन कर भगवान महादेव का शिवलिंग,भगवान गणेश, भगवान कार्तिक, माता पार्वती, भगवान शिव के वाहन नंदी एवं नागराज की प्रतिमा को जलाधिवास करवाकर संध्या आरती की गई। इसके बाद अगले दिन २८ जुलाई को वेदी पूजन अग्नि स्थापना कर प्रतिमा को अन्नाधिवास फलाधिवास पुष्पाधिवास कर पूर्णाहुति कर महाआरती की गयी। तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण कर संध्या आरती की गई।

29 जुलाई को शिव जी की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं अभिषेक कर नागपंचमी को विधि विधान से अनुष्ठान कर सभी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस तीन दिवसीय आयोजन में महाभिषेक करने के उपरांत हवन पूजन किया गया।.

इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भी प्राण प्रतिष्ठा में उपस्थित



होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडित जुगल किशोर शर्मा ने बताया कि सावन में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का एक विशेष महत्व रहता है और आज शुभ अवसर पर भगवान भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा मेरे और बाहर से आए हुए पंडितों के द्वारा विधि विधान पूर्वक भगवान भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर सभी महिलाएं और भक्तगणों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में उमा रुसिया ने बताया कि पंडित जुगल किशोर शर्मा के द्वारा यहां भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसे पंडित शर्मा ने मनकामेश्वर शिव परिवार नाम रखा और शुभ अवसर पर हम सभी महिला मंडल की महिलाएं उत्साहित रही, सभी ने पूरी श्रद्धा पूर्वक भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अपना समय दिया और तन मन धन से सहयोग किया।

### दर्जन भर कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ा

## नगर परिषद ने आवारा कुत्तों को पकड़ने चलाया विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बरसात के मौसम में आवारा कुत्तों के आतंक और बीते दिनों आवारा कुत्तों के द्वारा स्कूली विद्यार्थियों का काटकर घायल किए जाने की घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए नगर परिषद ने एक विशेष अभियान चलाकर करीब दर्जन भर कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ा है. गुरूवार को नगर परिषद की टीम ने सुबह करीब 08 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक अभियान चलाकर शहर के अलग-अलग स्थानों से करीब दर्जन भर आवारा कुत्तों को पकड़ा और सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया है. इस बार नगर परिषद ने इन कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ने से पहले काफी सावधानी बरती है ताकि यह आवारा कुत्ते फिर से लौटकर शहर की तरफ ना आए. दरअसल, इसके पूर्व भी नगर परिषद ने बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों को पकड़कर जंगल की तरफ छोड़ा था लेकिन अपनी तेज याददास्त की वजह से सारे कुत्ते जंगल से लौटकर फिर शहर की तरफ आ गए थे. ऐसे में इस बार पशु वाहन में सभी कुत्तों को डालकर वाहन को चारों तरफ से तिरपाल के जरिए बंद किया गया ताकि कुत्ते सड़क की पहचान ना कर सकें. अब देखना है कि इस बार नगर परिषद का यह उपाय कितना कारगार साबित होता है।

नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद भी शहर में बीच सड़कों पर घूम रहे आवारा कुत्तों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा. हाल ये हो गए हैं कि दिनों-दिन आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी के कारण कुत्तों के काटने के मामले में भी तेजी आ रही है. नगर परिषद की इस कार्रवाई के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि डॉग बाइट की घटनाएं थम सकती है लेकिन यह कहना भी अभी बेहद जल्दबाजी होगी. दरअसल, मुंदीवाड़ा रोड़ पर आज भी बड़ी संख्या में आवारा कुत्तों का हुजूम लगा हुआ दिखाई दे रहा है. नगर परिषद को अब भी लगातार कार्रवाई करने की जरूरत है तभी आवारा कुत्तों के आतंक पर पूरी तरह से विराम लग सकता है।



## वारासिवनी रेलवे स्टेशन की बदलेगी सूरत-विक्रम देशमुख

**वारासिवनी।** जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख द्वारा वारासिवनी रेलवे स्टेशन में व्याप्त अनियमितताओं और जीर्ण-शीर्ण प्लेटफ़ार्म की शिकायत रेलवे मंत्रालय,भारत सरकार से दिनांक 16 जुलाई 2025 को की गई थी।जिसके उपरांत रेलवे मंत्रालय ने श्री विक्रम देशमुख की शिकायत को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (SECR) के डिवीजनल रेलवे मैनेजर (डी.आर.एम) नागपुर को शिकायत स्थानांतरित की गई ।श्री विक्रम देशमुख ने वारासिवनी रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म के टूटे पेवर ब्लॉक,विद्युत व्यवस्था, प्रसाधन सुविधाओं की कमियों संबंधी शिकायत की थी।तत्पश्चात दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मुख्यालय के अंतर्गत मंडल अभियंता (उत्तर) के द्वारा अपने पत्रदिनांक 24 जुलाई 2025 के माध्यम से श्री विक्रम देशमुख को सूचित किया गया कि,वारासिवनी रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार का कार्य वर्ष 2025-2026 में प्रस्तावित किया जावेगा।पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रम देशमुख के द्वारा वारासिवनी रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार हेतु प्रयास किए जाने पर वारासिवनी नगर के गणमान्य नागरिक मनीष खण्डेलवाल, कैलाश दुल्हानी, अंकित सुराना आदि ने उनके प्रति आभार प्रकट किया है।

### साइकिल मिलने से स्कूली बच्चों के चेहरे पर आयी मुस्कान

## सरकारी योजना के तहत पीएम श्री कन्या उमावि लांजी मे छात्राओं को दी गई साइकिल, अब स्कूल आने में नहीं होगी परेशानी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश में, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं को मुफ्त साइकिलें दी जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली छात्राओं को है, जिनकी स्कूल उनके छात्रावास से 2 किलोमीटर या उससे अधिक दूर है, लांजी आमगांव रोड में स्थित पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले, नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेकर, जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनिरे, सांसद प्रतिनिधि ताराचंद कालबेले, भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, देवेश ऐड़े भाजपा बिसौनी मंडल अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि गौरव बैस प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए. इनके हाथों साइकिल का वितरण किया गया. छात्रों द्वारा आये अतिथियों का अभिनंदन किया गया. 8वीं क्लास के छात्र व छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया. छात्राओं ने साइकिल मिलने की खुशी सामूहिक रूप से साइकिल की घंटी बजाकर जाहिर की और मध्य प्रदेश सरकार का आभार जताया. वही नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा कालबेले ने कहा कि सरकार के द्वारा जो साइकिल दिया गया है, वह गरीब बच्चों के लिए पढ़ाई में जाने-आने में सहूलियत होगी. सभी छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई कर बेहतर परिणाम के साथ अपने माता-पिता सहित लाँजी छेत्र का नाम रोशन करना है. उन्होंने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

**गरीब बेटियों के लिए वरदान है यह योजना :** वही साइकिल वितरण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष आलोक चौरसिया ने कहा कि इस योजना के तहत साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं की पढाई के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।विद्यालय से दूर रहने वाली और आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार की बेटियों के लिए यह योजना एक वरदान है।साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राएं अपने घरों से आसानी से पढ़ाई के लिए स्कूल पहुंच सकती हैं।

## शासकीय महाविद्यालय लांजी में कवि तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद की जयंती का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अन्तर्गत शासकीय महाविद्यालय लांजी में दिनांक 31 जुलाई 2025 को हिन्दी विभाग के द्वारा लोक नायक महान कवि तुलसीदास जी एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती का आयोजन किया गया । कार्यक्रम प्रो. आर. आर. सोनवाने प्राचार्य की अध्यक्षता में एवं डॉ. गौतमा कठाने स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी के मार्गदर्शन में किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम अध्यक्ष एवं मंचासीन समस्त विद्वानों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया । मंच संचालन कर रहे डॉ. डालेश कुमार विजयवार (कार्यक्रम संयोजक) ने तुलसीदास एवं प्रेमचंद जी के जीवनवृत्त पर विस्तार से अवगत कराये एवं कहा कि तुलसीदास लोकनायक थे उनके महाकाव्य रामचरित मानस में राम के आदर्श एवं समाज, परिवार के समन्वय की बात कही । प्रेमचंद जी उपन्यास सम्राट एवं ग्राम्य जीवन के चित्रण के पुरोधा लेखक माने जाते है । उनके पात्र थोपे नहीं गए है जीवन्त पात्र है इस कारण वर्तमान में प्रेमचंद प्रासंगिक है । प्रो. आर. आर. सोनवाने (प्राचार्य) ने तुलसीदास जी का परिचय देते हुए कहा कि उनकी पत्नी रत्नावली जब मायके चली गई थी तो तुलसीदास उनसे मिलने रात्रि में निकल पड़ते है रत्नावली ने देखा कि भारी बारिस हो रही है और नाव के स्थान पर शव के सहारे तथा रस्सी समझकर सांप को पकड़कर रत्नावली के कक्ष में पहुंचते है तो वह फटकारती है ''लाज न आवत आपको, दौरे आयहु साथ, धिक-धिक ऐसे प्रेम को, कहां कहौ मैं नाथ''। इस प्रकार तुलसीदास जी का हृदय परिवर्तन होता है और वे राम भक्ति में लग जाते है तथा महाकाव्य रामचरित मानस की रचना कर अमर हो गये । प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका साहित्य अमुल्य है जिन्होने ग्रामीण जीवन की गाथा को अपने साहित्य में चित्रित किया है । प्रो. सुरेन्द्र कुमार चिखले ने भक्ति काल के शिरोमणि महाकवि तुलसीदास जी के विषय में कहा कि राजनैतिक, सामाजिक, विषयवस्तु को आधार बनाकर रचना कर कवि महान बन गए । प्रेमचंद आधुनिक काल के कथा सम्राट जिन्होने 300 कहानी तथा उपन्यास की रचना की जिन्होने साहित्य में सामाजिक विषमताएं एवं पारिवारिक चित्रण किया गया है । इनके उपन्यास एवं कहानी के अध्ययन से प्रेरणा मिलती है । ज्ञानदेव कुशले ने तुलसीदास एवं प्रेमचंद जी के जीवनवृत्त एवं रचनाओं की जानकारी दी । डॉ गौतमा कठाने ने दोनो महान साहित्यकारों पर प्रकाश डालते हुए आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में नितेश मेश्राम, साहेब लाल एड़े, महेश दमाहे, कु. अंजली सोनी, राहुल पारधी, शुभम रामटेके, श्रीमती रोशनी सोनवाने, कैलाश इंझरावते, श्रीमती खेलन बाई राउत, हितेश बंसोड़, श्रीमती गीता शुक्ला, शेषराम घोरमारे एवं छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा ।

**खबर संक्षेप**

### स्टेशनरी वितरण समारोह का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 30 जुलाई बुधवार जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ जी के जन्म/ तप कल्याणक के पावन अवसर व जैन धर्म के 23वे तीर्थंकर घोर उपसर्ग विजेता भगवान पारसनाथ जी निर्वाण( मोक्ष) कल्याणक की पूर्व संध्या के पावन अवसर मध्य प्रदेश की धर्म नगरी श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिशयक्षेत्र सिवनी के श्रावक पारस बुक डिपो के संचालक श्री संजय जी जैन के श्री दिगम्बर जैन आदिनाथ गृह चैत्यालय परिवार के तत्वावधान मे सकल श्री दिगम्बर जैन समाज के सहयोग से नगर के गांव मरझोर मे स्थित शासकीय विद्यालय की प्राथमिक कक्षाओ मे अध्यनरत जरूरतमंद विद्यार्थी के मध्य स्टेशनी का कुछ समान वितरित किया गया । जिसे पाकर विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राओ को अत्यंत हर्ष का अनुभव हुआ।
उक्त कार्य मे समाज के ये लोग कार्यकर्ता के रूप मे सम्मलित हुये श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेठी के वर्तमान अध्यक्ष श्री पवन जी जैन दिवाकर कमेठी के वर्तमान सदस्य डॉक्टर श्री अपूर्व जी जैन खजांची ,श्री संदीप जी जैन बाझल, कमेटी के पूर्व सचिव श्री सुबोध जी जैन बाझल सम्मलित रहे।

# शराब तस्कर कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में

## मोटर सायकिल सहित 63 लीटर अवैध शराब जप्त

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो के नेतृत्व में समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुध्द लगातार कार्रवाई की जाती रही हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में दिनांक 30 जुलाई, 2025 को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी कर रहे 01 व्यक्ति को धर दबोचा।
दिनांक 30 जून 2025 को मुखबिर से मोटर सायकिल से अवैध शराब के विक्रय हेतु शहर में परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर वामनकर द्वारा तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर रेड कार्रवाई हेतु मुखबिर के बताये स्थान सिरिया मंडी के पास टीम को रवाना कर वाहनों की चैकिंग कि गई जो 01 व्यक्ति नीले रंग की बजाज प्लसर मोटर सायकिल में दोनों तरफ थैला में एवं पेट्रोल की टंकी के ऊपर बोरी रखा था आता दिखा जिसे रोकने का प्रयास किया तो पुलिस को देखकर अपनी मोटर सायकिल लेकर भागने लगा जिसे स्टाफ एवं गवाहों की मदद से सिमरिया बायपास के पास पकड़ा गया जो मोटर सायकिल में दोनों तरफ थैला में एवं पेट्रोल की टंकी के ऊपर बोरी में कुल 350 पाव सफेद देशी मदिरा प्लेन (63 लीटर) शराब लिये मिला जिससे नाम पता एवं अवैध शराब कब्जे में रखने के संबंध में पूछताछ करने पर अपना नाम जीवन उर्फ सतीश बघेल पिता तामसिंग बघेल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम सिरिया मंडी थाना कोतवाली सिवनी का रहना तथा अवैध शराब के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिसके कब्जे से मोटर सायकिल सहित अवैध को जप्त किया गया है तथा आरोपी की विधिवत गिरफ्तारी कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है तथा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### इंजीनियरिंग छात्र ने लगाई फांसी

**सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र की पुरानी बस्ती में बुधवार सुबह युवक का शव फंदे पर मिला है। वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। सक्षम (20) अपने माता-पिता के साथ रहता था। वह जबलपुर के श्रीराम कॉलेज में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। घटना के समय सक्षम घर के ऊपरी कमरे में गया था। सुबह उसकी मां ने चाय बनाई। पिता कैलाश सेन से कहा कि सक्षम को चाय पीने के लिए नीचे बुला लें। जब पिता ऊपरी कमरे में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सक्षम को पंखे की रॉड से फंदे पर लटकते देखा। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और युवक को फंदे से उतारा। उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया गया। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण

## 4 अगस्त तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

**उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले शासकीय,अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए द्वितीय अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

जारी समय सारणी के अनुसार, एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए विद्यार्थी 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 7 अगस्त को होगा। विद्यार्थियों के लिए 8 अगस्त को सीट आवंटन जारी किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 8 से 13 अगस्त तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 8 से 14 अगस्त तक करना होगा।
आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 14 अगस्त है। प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा। यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्यार्थियों के लिए प्रवेश के लिए यह अन्तिम चरण होगा।

# नगरीय क्षेत्र के विभिन्न सड़कों में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।


सड़क सुरक्षा समिति बैठक मे निर्णय लिए गये

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता की अध्यक्षता में बुधवार 30 जुलाई को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति बैठक में जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गो एवं राज्य मार्गो तथा नगरीय क्षेत्र के विभिन्न सड़को में सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्णय लिए गये।
बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुरूप सड़को में रम्बल स्टेप्स, ब्लैक स्पॉट सुधार तथा गड्डों आदि के मरम्मत सहित आवश्यक सुधार कार्यो की पीपीटी में उपलब्ध फोटो के अनुसार समीक्षा की गईं। ब
ैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग में चिन्हांकित किये गये नवीन ब्लैक स्पॉट सादक सिवनी, गोरखपुरकला चौराहा, रणधीर नगर छपारा, कारीरात पर दुघटना के सभावंत कारणो एव सुधार को लेकर सम्बन्धित सड़क निर्माण एजेंसी से चर्चा कर सुधार कार्यो के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।
बैठक में इन सभी चिन्हांकित स्थानों से सम्बंधित ग्रामों के निवासरत ग्रामीणों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये गये।
कलेक्टर सुश्री जैन ने प्रमुख मार्गो में स्थित स्कूलो का छुट्टा के समय स्कूली बच्चों की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन की व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा को स्कूल प्रबन्धकों की बैठक लेकर आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।
बैठक में सभी सड़क निर्माण विभाग, नगरपालिका, यातायात तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय मनाई गई तुलसी दास जयंती और मुंशी प्रेमचंद जयंती



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** दिनांक 31जुलाई 2025 को डी पी चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय एवं एस एस सी शिक्षा महाविद्यालय सिवनी में रामचरित मानस के रचयिता तुलसी दास जी की जयंती एवं साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती मनाई गई जिसमें संस्था प्रमुख डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी ने मुंशी प्रेमचंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कहानी मजदूर और बूढ़ी काकी के भाव सामाजिक परिवेश में व्यक्त किया और रामचरित मानस का दोह ₹ढोल गंवार शूद्र पशु नारी ये सब......... के अधिकारी₹ के मूल अर्थ मूल भाव को तुलसीदास जी अनुसार स्पष्ट किया।और स्वयं के रचित व्यंग ₹मेंढकी को बुखार ₹ के माध्यम से आमजन की सोच, सामाजिक व्यवस्था और प्रशासनिक की प्रक्रिया को व्यक्त करती है।
महाविद्यालय के प्रबंधक श्री अजय चतुर्वेदी जी ने विधार्थियों को प्रेरित करते हुए ₹ ₹काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा तथैव च। अल्पाहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणम।₹ का अंश है। इसका अर्थ है कि एक विद्यार्थी में कौवे की तरह चेष्टा (प्रयास), बगुले की तरह ध्यान, कुत्ते की तरह नींद, कम भोजन करने वाला और गृहत्यागी (घर से दूर रहने वाला) होना चाहिए। और अनुशासन का पालन करना चाहिए।
विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव ने मुंशी प्रेमचंद जी के साहित्यिक सोच विचार और लेखनी को आधार बनाकर उनके साहित्य सृजन को समाज का दर्पण बताया जिससे आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेगी।

# गहलोत भवन महिला मंडल द्वारा हरियाली महोत्सव का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।



सिवनी नगर के शास्त्री वार्ड बारापत्थर में स्थित गहलोत भवन मोहल्ला में महिला मंडल के तत्वावधान में हरियाली महोत्सव का भव्य आयोजन गहलोत भवन मोहल्ले में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। हरियाली महोत्सव में भजन संध्या, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, धार्मिक संवाद जैसे विविध आयोजन मुख्य आकर्षण रहे। पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, धार्मिक जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के अंत में भाग लेने वाली महिलाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया गया। समस्त आयोजन में भक्ति, उमंग और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे पूरे मोहल्ले में उत्सव का माहौल व्याप्त हो गया।
सृष्टि का सुजन जगत पिता महादेव शिव जी एवं जगत जननी श्रावण तीज हमारे सनातन संस्कृति के त्योहारों में से एक प्रमुख त्योहार है. वेद एवं पुराणानुसार आदिशक्ति मां पार्वती के मिलन से ही आरंभ हुआ जिसमें महादेव जी को प्रमुख सुत्रधार माना गया है। इस दिवस युवतियां एवं महिलाएं सोलह श्रृंगार कर हरे, पीले एवं लाल वस्त्र धारण कर पूजन अर्चन करती हे हमारे देश भारत में इस दिवस को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपनी वस्त्र धारण कर मंगल गीत गाए जाते हैं और बगीचे एवं बागवानियों में झुले झुलती है एवं सारा दिन उत्सव मनाती हैं. लोक भाषा भिन्न-भिन्न नामों द्वारा जाना जाता है। श्रावण तीज के अवसर पर महिलाओं ने सभी को बधाई देते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित किये।

# बीज उत्पादक सहकारी समितियों की कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिला सहकारी संघ मर्यादित सिवनी के तत्वाधान में बीज उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों की कार्यशाला बीज उत्पादक सहकारी समिति मर्यादित सालीवाड़ा में विगत दिनों संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्ही.के.बर्वे द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित सदस्यों को सहकारिता वर्ष पर आयोजित की गई कार्यशाला आयोजन का उद्देश्य एवं सहकारिता का जीवन में महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गयी।
वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक एवं कार्यक्रम अध्यक्ष एन.डी.कटरे द्वारा सहकारिता विभाग द्वारा सहकारी सदस्यों हेतु शासन की योजनाओं से प्राप्त होने वाले लाभ के संबंध में विस्तार पूर्वक आवश्यक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राधेश्याम चन्द्रवंशी द्वारा सहकारिता की आवश्यकता एवं महत्व पर सूक्ष्मता से प्रकाश डालकर उपस्थित सदस्यों को आवश्यक जानकारी दी गई।आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्ही.के.बर्वे प्राचार्य सहकारी प्रशिक्षण केंद्र जबलपुर, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम चंद्रवंशी अध्यक्ष बीज सहकारी समिति मर्यादित सालीवाड़ा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष एन.डी.कटरे (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक) तथा जिले की समस्त बीज उत्पादक सहकारी समितियों के सदस्यों एवं संचालकों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुई।आयोजित कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक पी.के.सूर्यवंशी द्वारा किया गया।

# प्रथम बार रक्षाबंधन पर विश्व की प्रथम राखी बनायी जाएगी

## पूरे विश्व सहित सिवनी में श्री पारसनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर सिवनी मध्य प्रदेश मे महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज द्वारा दीक्षित परम पूज्य आचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनिश्री धर्मसागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री भावसागर जी महाराज के सानिध्य में एवं ब्रह्मचारी मनोज भैयाजी जबलपुर के निर्देशन में 31जुलाई 2025 को प्रातः काल की बेला में श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्री पारसनाथ भगवान के महामस्तका भिषेक, शांतिधारा,पारसनाथ विधान निर्वाण लाडू अर्पण की मांगलिक क्रियाओ के साथ संपन्न हुआ, प्रथम बार रक्षाबंधन पर विश्व की प्रथम राखा भगवान का अपण का जाएगा सौधर्मेंद्र परिवार सेठ अजित कुमार जैन श्रीमती ममता जैन, चंदन जैन ,श्रीमती प्राशी ने रक्षाबंधन विधान के सौधर्मेंद्र बनने का सौभाग्य पवन दिवाकर, श्रीमती संगीता दिवाकर ने प्राप्त किया कमेटी ने बताया कि 108 बहने राखी बांधेगी, सुंदर-सुंदर राखियां तैयार की जा रही है, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि संसार में संकटों का आना तो अपनी परीक्षा है। दुष्ट और दुर्जन पुरुषों द्वारा यदि कष्ट पर कष्ट भी दिये जाएं तो भी महान पुरुषों से उन्हें कुछ न कुछ अच्छा ही मिलता है। कुल्हाड़ी भले ही चंदन पर प्रहार करे पर वह चंदन तो कुल्हाड़ा का भा सुगान्धत कर दता है। कमठ ने कर्मठ होकर अपनी संपूर्ण शक्ति से मुनिवर पर घोर उपसर्ग किया किन्तु उनकी आत्म साधना के सामने वह कर्मठ कमठ भी पराजित हो गया। वह भी मुनि से क्षमा याचना करने लगा और अपनी भूल स्वीकार कर क्रोध को छोड़कर शांतचित्त से मुनि चरणों में नतमस्तक हो गया, और पश्चाताप के आँसू बहाने लगा। तथा उसी समय उसे सम्यक्त्व की प्राप्ति हो गयी । मुनि पारससागर को तपस्या करते 2 -4 माह हो गये थे। जैसे ही उपसर्ग हटा उन्हें शुक्रपुर नगर में प्रातः काल की बेला में चैत्र वदी चतुर्दशी को केवलज्ञान प्राप्त हो गया । दवलाक स जय जयकार हान लगा। सौधर्म इन्द्र अपने सभी इन्द्रों सहित पहुँच कर गुणगान करने लगा । प्रभु पार्श्वनाथ तीर्थंकर ने 70 वर्ष तक विहार कर धर्मोपदेश दिया। अंत में प्रभु को शाश्वत क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की सुवर्णभद्र टोंक (कूट) से विशाखा नक्षत्र की प्रदोष वेला में श्रावण शुक्ल सप्तमी को खड़गासन में मोक्ष की प्राप्ति हुई । इसी श्रावण शुक्ल सप्तमी को मुकुट सप्तमी या मोक्ष सप्तमी के नाम से जाना जाता है। आज के दिन प्रभु पार्श्वनाथ ने मोक्ष पाकर लोक के उत्तमोत्तम मुकुट स्वरूप स्थान को प्राप्त कर लिया इसलिए इसे मुकुट सप्तमी या मोक्ष सप्तमी कहते हैं। आज इसी निर्वाणोत्सव को यहाँ पर मनाया जा रहा है। सभी श्रावकगण निर्वाण लाडू चढ़ाकर प्रभु का गुणगान करके इस दिवस को पूरे विश्व में धूमधाम से मनाते हैं।



# हब फॉर वूमेन एम्पॉवरमेंटर अंतर्गत बालिकाओं को कराया गया महिला थाने का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

शासन के आदेशानुसार सिवनी जिले में जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन में हब फॉर वूमेन एम्पॉवरमेंटर (DHEW) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार 31 जुलाई को किशोरी बालिकाओं को महिला थाने का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला थाना प्रभारी संदीपिका ठाकुर द्वारा थाने की कार्यप्रणाली से बालिकाओं को अवगत कराया गया। वर्तमान में बालिकाओं के साथ हो रहे साइबर अपराध, साइबर अरेस्ट, छेड़छाड़, दहेज एवं घरेलू हिंसा जैसे अपराधों की जानकारी दी तथा इनसे निपटने के लिये सुझाव दिये गये। बालिकाओं को थाने में एफआईआर, साइबर हेल्प डेस्क की जानकारी दी गई। छात्राओं को अपनी सुरक्षा एवं सचेत रहने की सलाह दी गई। बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन न. 112,100,181,108,1098 की जानकारी दी। बालिकाओं के साथ होने वाले अपराध की रोकथाम के विषय में जागरूक किया। प्रधान आरक्षक मीरा शरणागत द्वारा बालिकाओं को थाने का भ्रमण कराया गया। सुश्री ईशा बाल्मिक प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में संक्षिप्त चर्चा की गई। कार्यकम में श्रीमति नारायणी सक्सेना, श्रीमति सोनल सक्सेना केसवर्कर, सुश्री आकांक्षा सोनी ऑफिस अस्सिटेंट एवं शहरी परियोजना सिवनी की आगंनवाडी क्रमांक 55,62,79 से कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

# दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से 5 घायलों को डायल-112/100 जवानों ने अस्पताल पहुँचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

सिवनी के थाना धूमा क्षेत्र में माध देवरी गाँव में दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से 05 व्यक्ति घायल हो गए है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 30-07-2025 को रात्रि 07:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल धूमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।
डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक भैयन अंसारी एवं पायलेट अरुण यादव ने मौके पर पहुँचकर बताया कि दो मोटर साईकिल की टक्कर हो जाने से 05 व्यक्ति घायल हो गए थे। डायल-112/100 जवानों ने सभी घायलों को एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर धूमा अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ घायलों का उपचार किया जा रहा है।



### आदित्य सिंह सेंगर का यू/17 नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में हुआ चयन

सिवनी के आदित्य सिंह सेंगर का यू/17 नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में हुआ चयन, आदित्य आजाद वार्ड की पार्षद श्रीमती आकांक्षा शीबू सेंगर के सुपुत्र हैं, आदित्य वर्तमान में मॉडर्न स्कूल के कक्षा.10 के छात्र हैं, एवं मनीष मोनू मिश्रा और महाकाल फुटबॉल क्लब के कोच विशाल कश्यप के शिष्य हैं, जिला फुटबाल संघ इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम

**सिवनी।** बुधवार 30 जुलाई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन के लिए चयनित जिलेवार शिकायतों से संबंधित आवेदकों से चर्चा कर निराकरण स्थिति की समीक्षा की साथ ही संबंधित विभाग प्रमुखों एवं जिला कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अतिवर्षा को लेकर सभी जरूरी तैयारियां और कार्यवाही करने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिये हैं। उन्होंने आगामी त्यौहारों में मंदिरों एवं नदी घाटों में श्रृद्धालुओं की भीड़ की संभावनाओं को लेकर भी सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिये हैं। आयोजित वीडियो कॉफ्रेंसिंग में जिले के प्रवास में पहुंचे आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी डी कल्याण चक्रवर्ती, कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता, सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में 725.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई

**सिवनी।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 31 जुलाई 25 तक 725.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है।
विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 31 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 662.8 मि.मी, कुरई में 382.0 मि.मी., बरघाट में 500.7 मि.मी., केवलारी में 907.0 मि.मी., छपारा 787.5 मि.मी, लखनादौन में 707.8 मिमी, धनौरा में 710.9 मिमी एवं घंसौर में 1149.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 5807.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 31 जुलाई 2024 तक कुल 6409.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी।

# नगर परिषद के करोड़ों के लोकार्पण भूमि पूजन कार्यो का कार्यक्रम 2 अगस्त को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|केवलारी।

नगर परिषद में बीते 2 बर्ष से हुये निर्माण कार्यो का लोकार्पण कार्यक्रम व प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा का कार्यक्रम दिनांक 2 अगस्त को दोपहर 1 बजे से बाजार चौक प्रागंण मे दर्शन सिंह चौधरी सांसद होशंगाबाद , फग्गन सिंह कुलस्ते संसद मंडला , श्री मति भारती पारधी सांसद बालाघाट के मुख्य अतिथ्य,ठाकुर रजनीशसिंह विधायक केवलारी , मुनमुन दिनेश राय विधायक सिवनी, कमल मर्सकोले विधायक बरघाट, राकेश पाल पूर्व विधायक, श्रीमति मीना बिसेन जिलाध्यक्ष भाजपा सिवनी के विशेष अतिथि मे आयोजित हो रहा है। श्रीमति सुनीता देवी सिंह बघेल ने बताया कि दो बर्ष मे हुये विकास कार्यो को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसमें 1066.76 लाख के 45 निर्माण कार्यो का लोकार्पण, 333 1लाख के 23 निर्माण कार्यो का भूमिपूजन तथा 223 .17 लाख के 15 प्रगतिरत कार्यो की जानकारी दी जायेगी ।

## खिलाड़ियों ने दिखाए अपने पंच किक का हुनर

# जिला स्तरीय शालेय वुशु स्पर्धा हुई आयोजित, चयनित खिलाडी संभाग स्तरीय स्पर्धा में लेंगे भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी शिक्षा विभाग द्वारा उदय पब्लिक स्कूल सिवनी के हाल में जिला स्तरीय वुशु चयन स्पर्धा का आयोजन किया। इस स्पर्धा में सिवनी जिले के बिभिन्न विद्यालयों उदय पब्लिक स्कूल, उत्कृष्ट सिवनी, उत्कृष्ट बरघाट,मिशन इंग्लिश, श्रीराम आदर्श सिवनी ,पोतदार सिवनी ,महर्षि सिवनी,नेताजी सुभाष सिवनी, मठ कन्या सिवनी, शासकीय विद्यालय कान्हीवाड़ा, महात्मा गांधी, गुरुकुल बरघाट,के खिलाडियों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयनित खिलाडी संभाग स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगे।
उदय पब्लिक स्कूल सिवनी में जिला स्तरीय वुशु स्पर्धा का आयोजन शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया इस स्पर्धा में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती जस्सी थॉमस ,राघवेंद्र ठाकुर प्राचार्य उदय पब्लिक स्कूल सिवनी, अश्वनी तिवारी ,अनिल राजपूत,सुनील मर्सकोले,आतिथ्य में संम्पन हुई।
प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक सोहन लाल सेन खेल प्रशिक्षक उदय पब्लिक स्कूल सिवनी एवं मनीष तुमन्ने उदय पब्लिक स्कूल सिवनी ,दिलेश्वरी कटरे,दक्ष चंद्रवंशी, (रास्ट्रीय खिलाडी) प्रकाश कुशवाह (रास्ट्रीय खिलाडी) ,प्रिया बघेल ( रास्ट्रीय खिलाड़ी ), अनुराग उईके( रास्ट्रीय खिलाड़ी )ने ऑफिसियल की भूमिका निभाई ।
इस प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग बालिका 17 वर्ष 36 कि. ग्रा. श्रुति यादव,40 कि. ग्रा. शानवी गुप्ता,45 कि. ग्रा. श्रुति सिंह राजपूत,48 कि. ग्रा. उत्कर्षा राउत,52 कि. ग्रा. रिद्धि तिवाहन,56 कि. ग्रा. अवनी चौरसिया,60 कि. ग्रा. अंजना साहू,65 कि. ग्रा. भावना शर्मा सीनियर 19 वर्ष बालिका,40 कि. ग्रा.काजल जांघेला,45 कि. ग्रा. स्वाति,48 कि. ग्रा. सिद्धिमा ,56 कि. ग्रा. पूर्णिमा विश्वकर्मा,60 कि. ग्रा. प्राची यादव,65 कि. ग्रा.दिशा जायसवाल, जूनियर बालक बालक 17 वर्ष,40 कि. ग्रा. आर्यन सिंह बैश,45 कि. ग्रा. श्रेयांश जैन,48 कि. ग्रा. प्रीत साह,52 कि. ग्रा. आलोक सूर्यवंशी,60 कि. ग्रा. आराध्य सिंह बैश,65 कि. ग्रा. कौशिक साहू 70 कि. ग्रा. अथर्व,75 कि. ग्रा.अक्षित डोंगरे,80 कि. ग्रा. अनिकेत विश्वकर्मा,सीनियर बालक 19 वर्ष ,45 कि. ग्रा. यासिर,48 कि. ग्रा. कासिम,52 कि. ग्रा. आशीष यादव,52 कि. ग्रा. ताहा,60 कि. ग्रा.डेनिस,65 कि. ग्रा. मोनिश खान,75 कि. ग्रा. शुभ जैन,80कि. ग्रा. अंश सिंह राजपूत,85 कि. ग्रा.पियुष इनवाती का चयन संभाग स्तरीय वुशु स्पर्धा के लिए हुआ । यह खिलाड़ी 19 से 21 अगस्त तक सिवनी में भाग लेंगे।

# आज गर्रा पंचायत रहेगी बंद : हमला करने वालों की गिरफ्तारी की मांग, सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सरपंच संघ अध्यक्ष और गर्रा पंचायत सरपंच वैभवसिंह बिसेन पर हमले का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार की मौजूदगी में सरपंच संघ प्रतिनिधियों ने बैठक की।

इस बैठक में आरोपियों पर संगठित अपराध की धाराओं के तहत केस दर्ज करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। साथ ही 1 अगस्त को गर्रा पंचायत को बंद करने का ऐलान किया गया।





### सरपंच ने शराब दुकान का अतिक्रमण हटाने आवेदन दिया था

घटना 29 जुलाई की है जब सरपंच वैभवसिंह बिसेन ने पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर पंचायत की आबादी में बने भवन और शराब दुकान के अतिक्रमण को हटाने के हाईकोर्ट के आदेश के पालन के लिए आवेदन सौंपा था। उसी दिन रात में आधा दर्जन से अधिक हमलावर दो वाहनों से सरपंच के घर पहुंचे थे।

### आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

सरपंच की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी धर्मेन्द्र उर्फ राजू मिश्रा सहित अन्य आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ इस तरह की घटना पर पंचायत प्रतिनिधियों में नाराजगी का माहौल है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने की कार्रवाई की मांग

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि जिले में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटना आमजन की सुरक्षा और शांति के लिए खतरा है। इस पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि मामले में एसपी से चर्चा हुई है और उन्होंने भरोसा दिलाया है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जल्द की जाएगी। अगर कार्रवाई नहीं होती है तो पंचायत प्रतिनिधि एकजुट होकर भविष्य में कोई बड़ा निर्णय लेंगे।

## राज्य शासन से मॉयल खान दुर्घटनाओं पर जवाबदेही तय करने की मांग-मधु भगत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने कहे या जिले के किसी विधायक ने पहली बार बालाघाट जिले में स्थित मॉयल लिमिटेड की खदानों में होने वाली दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए। विधानसभा सदन के माध्यम से दुर्घटनाओं पर जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने वर्तमान में चल रहे विधानसभा सत्र में मॉयल खदान दुर्घटना के मुद्दे को उठाते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूछा है कि मॉयल की चिख्ला खदान, भरवेली खदान एवं उकवा खदानों में विगत पांच वर्षो में हुई दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी सदन को दी जाये। उन्होने पूछा की इन खदानों में श्रमिकों की कितनी मौते हुई, मृतकों के परिवार को कितनी मुआवजा राशि दी गई, क्या उन्हें रोजगार उपलब्ध कराये गये। यदि हां तो इसका पूरा



कलामवार विवरण प्रस्तुत किया जाये। साथ ही उन्होंने यह भी जानना चाहा कि इन दुर्घटनाओं की जांच किन अधिकारियों के द्वारा की गई और जांच रिपोर्ट का निष्कर्ष क्या रहा ? दोषियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई। क्या सत्यप्रतिलिपि सरकार के पास उपलब्ध है। भगत ने स्पष्ट किया कि उनकी जानकारी के अनुसार खदानों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। इससे आये दिन दुर्घटनायें हो रही है और मजदूरों की जान जोखिम में है। अतः मॉयल प्रशासन एवं संबंधित विभाग की जबावदेही तय करना अति आवश्यक है।

## वर्षा जनित बीमारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग की एड्वायजरी जारी

**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.परेश उपलप द्वारा वर्षा ऋतु में होने वाली संभावित बीमारियों की रोकथाम को लेकर एडवायजरी जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि दूषित पेयजल के कारण विभिन्न संक्रामक रोग विशेषकर उल्टी, दस्त, पेंचिश, हैजा, पीलिया,टाईफॉइड जैसे जल-जनित रोगों की अत्यधिक संभावना होती है। साथ ही जल भराव के कारण वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया का अत्यधिक खतरा बना रहता है। जनसामान्य से अपील की गई है कि सुरक्षित पेयजल स्त्रोतों का ही उपयोग करें। यदि पानी दूषित होने की संभावना हो तो खुले कुओं का विसंक्रमण ब्लीचिंग पाउडर द्वारा एवं घरेलू पेयजल के भण्डारों के विसंक्रमण के लिए क्लोरिन की गोलियों का उपयोग करें।

## ग्राम पंचायत सेवती में पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों को पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

ग्राम पंचायत सेवती के पशु औषधालय में पदस्थ कर्मचारी भीवराम कावरे को सेवा निवृत्त होने पर ग्राम पंचायत सेवती व ग्राम पंचायत के ग्रामीणों व विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ग्राम की सरपंच श्रीमती कृष्णा फेण्डारकर द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया पशु औषधालय में पदस्थ पशु चिकित्सालय ग्राम पंचायत सेवती में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भीवराम कावरे को सेवानिवृत्त होने पर कार्यालयीन स्टाफ के अधिकारी डॉक्टर दार्मेंद्र गौतम विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी एल एन उइके सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, एमके मरावी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी,आर एल ल हरदे, कैलाश प्रसाद मेश्राम, कपूर चंद पाचे , दुर्गा प्रसाद पाचे, श्रीमती किरण बेदरे द्वारा साल एवं श्रीफल



देकर कावरे को भावभीनी विदाई दी। कावरे ने अपने सेवाकाल का अनुभव बताते हुए कहा कि शासन का काम समर्पण भाव से करना चाहिए। उन्होंने कहा 62वर्ष की सेवा काल में जहां भी रहे उन्होंने विभागीय कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

इसलिए कोई कठिनाई महसूस नहीं हुई। वहीं अध्यक्ष सहायक पशु क्षेत्र अधिकारी श्री गौतम ने ने कहा कि श्री कावरे पूरी निष्ठा एवं कर्मठता से कार्य करते रहे। उनके दीर्घकालीन सेवाकाल के दौरान विभागीय कर्तव्यों के साथ-साथ संगठन की मजबूती के लिए किए गए। उन्हें शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम की चैतराम बहेकार ,लिम्राज खरकाटे खुमराज खरकाटे, रामकृष्ण बढ़ई, सुरेश फेडारकर,लूषि राम ठाकरे, परस राम हेमने, सुखराम गुजर, श्यामलाल पाचे, रोजगार सहायक, पुष्पांजलि द्विवेदी सचिव आदि की उपस्थित सराहनीय रही।

## कटंगझरी विद्यालय मे किया गया निशुल्क साइकिलों का वितरण



**लालबर्रा।** विकासखंड अंतर्गत कटंगझरी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन की मनसानुरूप छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। जिससे छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उनके अभिभावक भी प्रसन्नचित नजर आए। कक्षा छठवीं के 13 छात्र एवं दो छात्राओं को मुफ्त साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच जितेंद्र कविता हटवार ,प्राचार्य संजय मेश्राम, शिक्षक महेंद्र फूलोंके, श्री राम बिसेन, आशीष रावतकर, महेश बिसेन, टेकाम सर ग्रामीण भोज लाल ठाकरे सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## धम्म संस्था बीएसआई के बी.एच.गायकवाड गुरूजी एवं डॉ.एड.एस.एस.वानखेडे राष्ट्रीय सचिव मुंबई का आगमन किरनापुर में

### 2 व 3 अगस्त को जिले की किरनापुर में चिंतन/ कार्यकर्ता, अंद्धश्रद्धा निर्मुलन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** संपूर्ण भारत देश में धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के 24 प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरो के माध्यम से समाज में जनजागृति तथा महापुरूषों की विचार धारा का प्रचार प्रसार निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में बालाघाट जिले की तहसील शाखा किरनापुर मुख्यालय के शाक्यमुनी बुद्ध विहार में दिनांक 2 व 3 अगस्त 2025 को अंद्धश्रद्धा निर्मुलन एवं चिंतन, कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के राष्टीय सचिव एवं मध्यप्रदेश के पालक मंत्री बी.एच.गायकवाड गुरूजी एवं



डॉ.एडवोकेट एस.एस.वानखेडे राष्टीय सचिव व केन्द्रीय प्रशिक्षक विभाग प्रमुख मुंबई प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल होकर प्रशिक्षण देगें। वही प्रमुख अतिथि एवं शिविर उदघाटक डा. चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष म.प्र. राज्य शाखा द., गौतम पाटिल राष्टीय संघटक एवं महामंत्री अनु.जाति,जनजाति कर्मचारी संघठन भोपाल, आर.के.कठाने प्रदेश सचिव एवं माजी श्रामनेर बोद्धाचार्य होंगे,अध्यक्षता दुरेंद्र सावनकर तहसील अध्यक्ष किरनापुर करेंगे,विशेष अतिथि के रूप में हेमलता ताई डोंगरे प्रदेश उपा.राजकपुर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव,मंजू ताई सुर्यवंशी जिला उपा., प्रमिला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जिला सचिव, खुशीयाल मेश्राम जिला उपा.,आर.डी.बंसोड तहसील अध्यक्ष वारासिवनी,प्रमोद कुमार भिमटे तहसील अध्यक्ष लांजी सहित जिला शाखा के प्रमुख एवं सभी तहसील शाखाओं के अध्यक्ष अतिथि के रूप में शामिल होगें। इस शिविर में अंद्धश्रद्धा क्या है? अंद्धश्रद्धा यह एक सामाजिक समस्या है, निर्मुलन के उद्देश्य, धम्म संस्था के उद्देश्य, धम्म संस्था के माध्मय से कामकाज कैसे करे एवं हिसाब कैसे लिखे, पदाधिकारी एवं उनकी जिम्मेदारिया आदि विषयो पर प्रशिक्षण दिया जायेगा। शिविर में उपस्थित होकर धम्मलाभ लेने हेतु तहसील शाखा किरनापुर अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर, जिला संघठक बी.एल.घल्लेकर, महसचिव विनय चौरे कोषाध्यक्ष, गौतम भिमटे, हंसराज वाहने आदि पदाधिकारियों ने क्षेत्र के सभी उपासक उपासिकाओं से उपस्थिति की अपील की है।

## केंद्रीय दल ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिवनघाट व सावरी का गुणवत्ता मुल्यांकन

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओ को भारत सरकार द्वारा जारी एनक्यूएएस के गाइडलाइन अनुसार विकसित किया जाना है जिसके परिपालन में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के दिशा निर्देशन में विकासखण्ड खैरलाँजी अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह उपस्वास्थ्य केंद्र सिवनघाट एवं सावरी का भारत सरकार के केन्द्रीय दल मे शामिल महाराष्ट्र से डॉ.



मिथुन घनश्याम खेरडे एवं पश्चिम बंगाल से डॉ. अर्जित बेनर्जी द्वारा नेशनल क्वॉलिटी एश्योरेंशन स्टेण्डर्ड (एन.क्यू.ए.एस.) राष्ट्रीय मानको के अनुरूप असेसमेंट किया गया एंव गुणवत्ता की जांच परख की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में तथा संस्था का राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार कराने में सीएमएचओ डॉ.परेश उपलप, डीपीएम श्री विक्रम सिंह ठाकुर, प्रभारी बीएमओ डॉ. खिलेन्द्र पाल सिंह नागेंद्र , जिला क्वॉलिटी नोडल डॉ.पंकज महाजन के सहयोग से एनक्यूएएस की तैयारी हेतु मार्गदर्शन जिला क्वालिटी मेंटर श्री विनोद कामडे, डॉ. अमित विजयवार,बीईई कमल सिंह नागपुरे, सामुदायिक स्वस्थ अधिकारी डॉक्टर विकास डोहरे, पूजा बारमाटे, श्रीमती ओनम देशमुख,श्रीमती चित्रलेखा बर्वेकर, उमा पटले बेनू पटले, सोनूला लिल्हारे मीना हरिनखेडे आशा उपस्थित रही तथा वन्दना लिल्हारे, लीना पटले किरण गौतम, शिल्पा नागपुरे, फुलेस्वरी धुवारे वंदना बल्हारे ज्योति रितु देशमुख मोनिका पंचेस्वर अश्विनी भुजाडे, सीएचओ अधिकारी ने रिकॉर्ड मैनेजमेंट् मे महत्व पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में हुआ सामूहिक सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह के अध्यक्ष ब्रह्मचारी गिरीश चंद्र वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में महर्षि विश्व शांति ट्रस्ट के एक इकाईमहर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान (MAJA) आज के युग में एक अनूठा प्रयास है, जिसका उद्देश्य हर व्यक्ति को अपने भीतर की दिव्यता से जोड़ना है। परम पूज्य वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के आशीर्वाद से यह अभियान 25 अगस्त 2023 को प्रारंभ हुआ। इसका मूल भाव है कि हमारी प्राचीन वैदिक परंपरा, गुरु परंपरा और महर्षि महेश योगी जी की ध्यान परंपरा को समाज के हर वर्ग तक सरलता से पहुँचाया जाए।इसी कड़ी में आज महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में सामूहिक सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ रखा ,जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं अभिभावक सम्मिलित हुए।वही महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह राष्ट्रीय कार्यालय से नियुक्त सहायक निदेशक अमित यदुवंशी का प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया द्वारा स्वागत किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य सतीश कुमार चौरसिया ने कहा कि यह हम सभी के लिए हर्ष और गर्व का विषय है कि महर्षि आध्यात्मिक जन जागरण अभियान (MAJA) के अंतर्गत महर्षि विद्या



मंदिर समूह के विभिन्न विद्यालयों में कई प्रेरक और सफल कार्यक्रम संपन्न करवाएं जा रहे है, परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी एवं तपोनिष्ठ वेदविद्या मार्तण्ड ब्रह्मचारी गिरीश जी के दिव्य आशीर्वाद से यह आध्यात्मिक ज्योति विद्यालयों के माध्यम से समाज के कोटि-कोटि जनमानस तक पहुँच रही है।इस पवित्र अभियान में हमारे शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय है। यह हमारी जीवंत गुरु परंपरा की शक्ति को दर्शाता है और विद्यार्थियों को महर्षि परंपरा के मूल जीवन मूल्यों को आत्मसात कराने में सहायक बन रहा है।इस अभियान के अंतर्गत महर्षि विद्या मंदिर विद्यालयों में गुरु परंपरा पूजन, हेमाद्रि संकल्प, ध्यान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हनुमान चालीसा, सुन्दरकाण्ड, श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का पाठ तथा रामचरितमानस के अंश का गायन श्रद्धा और दिव्यता के वातावरण में हो रहा है। विद्यालय परिसर इन आध्यात्मिकगतिविधियों से नई ऊर्जा, अनुशासन और एकात्मता से ओतप्रोत हो रहा है।इस कार्यक्रम में संगीत शिक्षक श्री नितेश कुमार मिश्रा द्वारा तैयार किए विद्यार्थियों ने भी अपनी संगीत प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस पवित्र अभियान में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों द्वारा प्रदर्शित निष्ठा, सहयोग और समर्पण अत्यंत सराहनीय रहा है। संस्था के प्राचार्य ने सभी का आव्हान किया कि सभी के समर्पित योगदान और निष्ठा से हम सब मिलकर महर्षि परंपरा की इस पवित्र ज्योति को घर-घर तक पहुँचाएँ और समाज को आध्यात्मिक चेतना व वैदिक ज्ञान से आलोकित करें।कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के शिक्षकों अनुपमा गौतम,वासुदेव भूते,नीरज तिवारी,विजय कुमार बिल्हेरिया,मनोज ज्योतिषी,नितेश मिश्रा,सुनीता तिवारी,तापसी नाथ,वंदना चौरसिया,कार्यालय अधीक्षक अनिल पारधी एवं अन्य सभी का योगदान रहा।

## पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पल्हेरा के बच्चों को मिला छाता

# जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने पौधारोपण और छाता वितरण कर मनाया अपना जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बिरसा के उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने अपना जन्मदिन को यादगार बनाते हुए विकासखंड बिरसा के पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पल्हेरा में बच्चों के बीच जाकर अपना जन्मदिन मनाया।सर्वप्रथम बच्चों के द्वारा स्कूल प्रांगण में प्रार्थना के समय जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू को जन्मदिन की बधाई दिए। वही स्कूल स्टॉफ के द्वारा भी जन्मदिन की बधाई देते हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। वही उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा बच्चों के साथ शैक्षणिक संवाद करते हुए बच्चों को होने वाली समस्या,और अन्य चीजों से रूबरू हुए बच्चों से संवाद के दौरान आगामी वार्षिक परीक्षा की तैयारी और लक्ष्य के बारे में बच्चों से जाना।कक्षा 10वीं और 12वीं के बच्चों को बिरसा जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा मप्र के प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने पर 10 हजार रु प्रोत्साहनस्वरूप राशि देने की बात कही गई। वही उपाध्यक्ष के द्वारा बारिश के मौसम में होने वाली समस्या को दूर करने के लिए बच्चों को छाता वितरण किया गया ताकि बच्चें बारिश के मौसम में न भींगे और लगातार स्कूल आए। तथा दूरस्थ अंचलों में देखा गया कि बारिश के समय में बच्चें स्कूल कम जाते हैं।इन्हीं कारणों को देखते हुए जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू के द्वारा क्षेत्रों में लगातार छातों का वितरण किया जा रहा है।शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए उनके द्वारा भरसक प्रयास किया जा रहा है।बच्चों को छाता मिलने पर उनके चेहरे में खुशी की एक अलग झलक दिखाई दे रही थी।बच्चे छाते पाकर खुश नजर आए। एवं हेमंत साहू के द्वारा बच्चों से नशे से दूर रहने की अपील की गई।नशा नाश का जड़ होता है।नशे को शिक्षा के माध्यम से ही हरा सकते हैं।उन्होंने कहा कि नशा से शारीरिक,मानसिक,सामाजिक और आर्थिक हानि होती है।हेमंत साहू के द्वारा बच्चों को संविधान के बारे में भी बताया गया। वही स्कूल मैदान में फलदार पौधे भी लगाए गये।बच्चों को उन्होंने पर्यावरण के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित भी किया गया तथा पौधे लगाने के अनेक फायदे भी बताए गए।इसके बाद हेमंत साहू के द्वारा कक्षा में जाकर बच्चों से पाठ्य पुस्तक का भी पाठन करवाया गया और मार्गदर्शन दिया गया।शिक्षकों से भी उन्होंने पढ़ाई को कैसे रोचक बना सकते हैं इस विषय पर चर्चा किए। वही स्कूल में मंडई निवासी भूपेंद्र टेंभरे के द्वारा गत वर्ष बोर्ड के वार्षिक परीक्षा में टॉप करने वाले 2 बच्चे शालू मानेश्वर,हेमा पंचेश्वर को 5-5हजार रु का चेक प्रदान किया गया।छाता वितरण के इस कार्यक्रम में बिरसा जनपद के उपाध्यक्ष हेमंत साहू के साथ क्षेत्र के जनपद सदस्य गायत्री अमर मराठे,कार्यवाहक सरपंच सरिता ताराम ग्राम पंचायत पल्हेरा,संदीप जोसेफ,भूपेंद्र टेंभरे,कलेश्वर जामरे संस्था प्रमुख के.के.पारधी,राहंगडाले,राजेश झोड़े,मोक्षमा नागदेवे,मनोज कामडे,रेणुका जोसेफ,अवधेश मसखरे सहित समस्त स्टॉफ और बच्चें उपस्थित रहे।



## मिरगपुर अस्पताल में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

### नेत्र चिकित्सक ने मिरगपुर स्कूल के विधार्थीये के आंखो की जांच कर दिया उचित परामर्श



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मिरगपुर में 30 जुलाई बुधवार को बीएमओ डा.खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निशुल्क शिविर में नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने नेत्र रोगियो की जांच कर उचित उपचार व परामर्श प्रदान किया एंव चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा । तथा शिविर में शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर के छात्र छात्राओ के आंखो की निशुल्क जांच की गई एंव उचित उपचार व परामर्श दिया गया एंव चश्मा बनवाने के लिए नंबर दिए गए। नेत्र चिकित्सक डा.टी.एस बिसेन ने बताया की निशुल्क नेत्र शिविर में मिरगपुर स्कूल के विधार्थीयो की आंखो की जांच की गई एंव चश्मा बनवाने के लिए नबंर प्रदान की गए तथा निशुल्क शासन के द्वारा चश्मे बनवाकर दिए जाएगें। उन्होंन बताया की ग्रामीण अंचल के 24 नेत्र मरीजो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर उपचार प्राप्त किया जिसमे से चयनित 14 नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर रवाना किया गया।

